प्रेस नोट

दिनांक 28.02.2026

गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-

रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर में आज दिनांक 28.02.2026 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने सेवानिवृत्त हो रहे मु0आ0 चालक के उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि इनका योगदान पुलिस विभाग के मनोबल को बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

सेवानिवृत्त हो रहे मु0आ0 चालक जागेश्वर प्रसाद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी कार्यकुशलता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता पूरे विभाग में प्रशंसनीय रही है। अपने सेवाकाल में उन्होंने विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया।

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी न केवल विभाग, बल्कि समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाते रहे हैं, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त को स्वस्थ जीवन एवं सुखद सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएँ दी गई। पुलिस लाइन हमीरपुर के प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे तथा सभी ने मिलकर सेवानिवृत्त कर्मी को भावभीनी विदाई दी और उनकी सेवाओं को सलाम किया।